राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी

सादर प्रकाशनार्थ :-

जयपुर, 27 जनवरी। ख्वाजा गरीब नवाज के 811वें उर्स के मुबारक मौके पर कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष श्रीमती सोनिया गाँधी की ओर से अजमेर में दरगाह शरीफ पर चादर चढ़ाई गई और राष्ट्रीय एकता, अमन व खुशहाली की दुआ माँगी गई।

श्रीमती सोनिया गाँधी की ओर से चादर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा, अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के अल्पसंख्यक विभाग के चेयरमेन एवं सांसद श्री इमरान प्रतापगढ़ी ने ख्वाजा गरीब नवाज की दरगाह पर चढ़ाई एवं अकीदत के फूल पेश कर देश व प्रदेश की खुशहाली के लिए दुआ माँगी। इस अवसर पर मंत्री श्री सालेह मोहम्मद, श्री रामलाल जाट, प्रदेश कांग्रेस महासचिव एवं विधायक श्री हाकम अली, वक्फ बोर्ड चेयरमेन डॉ. खानू खाँ बुधवाली, पूर्व मंत्री श्रीमती नसीम अख्तर इंसाफ सहित अनेक कांग्रेसजन उपस्थित रहे।

राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री गोविन्द सिंह डोटासरा, एआईसीसी के राजस्थान प्रभारी श्री सुखजिन्द्र सिंह रंधावा तथा मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत कल दिनांक 28 जनवरी, 2023 को प्रातः 10.00 बजे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी मुख्यालय, इंदिरा गांधी भवन, स्टेशन रोड़, जयपुर पर हाथ से हाथ जोड़ो अभियान को लेकर जयपुर संभाग के प्रमुख कांग्रेसजनों की एक बैठक लेंगे।

(स्वर्णिम चतुर्वेदी)
प्रवक्ता
मो. 9414074197

Created by Universal Document Converter